आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 27.10.2025
समय : 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ण आर्थिक क्षमता के उपयोग के लिए आसियान भारत मुक्त व्यापार समझौते की जल्द समीक्षा का आह्वान किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता पर बल दिया।
- दिल्ली–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए एलिवेटेड हाईवे का निर्माण कार्य आगामी नवंबर माह से शुरू किया जाएगा।
- ऊधमसिंह नगर जिले में 273 धान क्रय केन्द्रों में सरकार ने व्यापक व्यवस्था की।
- टिहरी जिले में प्रतापनगर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज, तोलीसेन में छात्रों को आपदा प्रशिक्षण दिया गया।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आसियान नेताओं ने आसियान–भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा की है और व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के उपायों पर विचार–विमर्श किया है। कल मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान–भारत शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की है क्योंकि ये साथ मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।
प्रधानमंत्री ने आसियान–भारत मुक्त व्यापार समझौते की शीघ्र समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा कि इससे जनहित में आर्थिक क्षमता का पूरा उपयोग हो सकेगा। श्री मोदी ने आतंकवाद को क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता पर बल दिया। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने आसियान–भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी लागू करने की कार्य योजना के लिए व्यापक समर्थन की घोषणा की।

**एलिवेटेड हाईवे निर्माण**

दिल्ली–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग–334 पर बढ़ते यातायात दबाव और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीतापुर–ज्वालापुर रेड लाइट से संस्कृत अकादमी तक एलिवेटेड हाईवे का निर्माण कार्य अगले महीने से शुरु किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि यह परियोजना रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आदेश चौहान की सतत पहल और क्षेत्रीय जनता की दीर्घकालिक मांग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह एलिवेटेड हाईवे न केवल जाम की पुरानी समस्या का समाधान करेगा, बल्कि ज्वालापुर, राजलोक चौक, हरिलोक, ग्रीन वैली कॉलोनी, श्रीराम फ्लाईओवर और संस्कृत अकादमी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा सुनिश्चित करेगा। स्मार्ट हरिद्वार और सुरक्षित आवागमन की दिशा में यह परियोजना एक अहम मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा केंद्रीय नेतृत्व की दूरदृष्टि और राज्य नेतृत्व की पहल से हरिद्वार आज विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। यह परियोजना पर्यटन, तीर्थ और औद्योगिक क्षेत्रों को भी सुगमता से जोड़ते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगी। श्री रावत ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।

**जीएसटी उत्सव**

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरें आम आदमी के लिए कैसे मददगार साबित हो रही हैं। इस बारे में पेश है एक रिपोर्ट

**धान क्रय केंद्र**

ऊधमसिंह नगर जिले में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान का बाजार मूल्य कम होने के कारण धान खरीद क्रय केंद्रों पर अपनी तैयार धान की फसल तुलवाने को लेकर किसानों के बीच काफी गहमागहमी है। हर किसान अपनी धान की उपज का शत प्रतिशत तुलान सुनिश्चित कराना चाहता है। जिला सहायक निबंधक व सहायक नोडल अधिकारी हरीश चंद्र खंडूड़ी ने बताया कि जिले में 273 धान क्रय केन्द्र खोले गये हैं। जिसमे यूसीएफ के 183, एनसीसीएफ के 15, खाद्य विभाग के 27, उत्तराखण्ड उपभोक्ता सहकारी संघ लि0 के 23 व पीसीयू के 25 धान क्रय केन्द्र है। मलसी लंका निवासी काश्तकार गुरवंत सिंह का कहना है कि सरकार ने क्रय केंद्रों पर व्यापक व्यवस्था की हैं, जिससे किसान संतुष्ट है।

बिगवाड़ा मंडी में स्थापित धान क्रय केंद्र के प्रभारी अविनाश यादव ने बताया कि मंडी ने छलना, नमी मापक यंत्र, तौल कांटा, पंखा और कंप्यूटर आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

**आपदा प्रशिक्षण**

टिहरी जिले में स्कूल सुरक्षा अभियान के तहत जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रतापनगर ब्लॉक के दूरस्थ मुखेम रमोली के राजकीय इंटर कॉलेज, तोलीसेन में एक दिवसीय आपदा प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों और स्कूल कर्मचारियों के लिए प्राकृतिक आपदाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। आपदा प्रबंधन विभाग के मास्टर ट्रेनर अनिल सकलानी ने आपदा से पूर्व तैयारी, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही जिला व राज्य आपातकालीन के टोल फ्री नंबरों और विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान व निकासी मार्गों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर 105 छात्र–छात्राओं सहित विद्यालयकर्मी उपस्थित रहे।

**छठ पूजा**

लोकआस्था के महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है। कल सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा। इस बीच, छठ महापर्व पर देहरादून पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। साथ ही घाटों पर डीजे और आतिशबाजी पर रोक लगाई गई है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि घाटों पर सुरक्षा को देखते हुए पुलिसकर्मियों के साथ ही एसडीआरएफ और जल पुलिस को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों से छठ पूजा पर निजी वाहनों का कम प्रयोग करने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रेमनगर, मालदेवता, चंद्रबनी, नेहरू कॉलोनी आदि क्षेत्रों में छठ पूजा होगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए घाटों पर अधिकारियों समेत पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

**राष्ट्रीय पुरस्कार**

2025 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की गई है। प्रोफेसर जयंत विष्णु नार्लीकर को मरणोपरांत विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विज्ञान श्री, पुरस्कार के लिए आठ वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। ये पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में विशेष योगदान के लिए– विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा–शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम के अंतर्गत चार श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं।